इंदौर
बुधवार
4 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 141

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

मिड टर्म चुनाव में हारी ट्रंप की पार्टी





वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिका के मिड टर्म चुनाव में राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। 435 सीटों वाले अमेरिकी संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी बुरी तरह पिछड़ रही है, जबकि विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी ने बढ़त बना रखी है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी 116 सीटों पर आगे चल रही है। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी 64 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इसी तरह सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर इस बार चुनाव हो रहे हैं। इन नतीजों को मिलाकर सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास फिलहाल 46 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 36 सीटें हो गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी बहुमत से सिर्फ 5 सीटें दूर है। सीनेट में बहुमत के लिए 51 सीटों की जरूरत होती है। चुनाव नतीजे पर ट्रंप ने कहा कि अगर मैं मैदान में होता तो बड़े अंतर से जीतता। इस चुनाव में ओहियो गवर्नर पद की दौड़ में भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी की हार हुई है जबकि फ्लोरिडा से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया डंडिया ने जीत दर्ज की है। अमिश शाह, नित्या रमन और सरिता कोमारेड्डी के चुनावी नतीजे अभी साफ नहीं हैं।

भारतवंशी पिया ने जीता चुनाव, रामास्वामी हारे

खातेगांव टीआई हत्याकांड में ट्रक ड्राइवर का सहयोगी का भी शॉर्ट एनकाउंटर

देवास.एजेंसी। खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को ट्रक से कुचलने के मामले में पुलिस ने अब ट्रक ड्राइवर गजेंद्र रावत के बाद उसके सहयोगी ट्रक ड्राइवर धीरज को भी गिरफ्तार कर लिया। धीरज ने जब हिरासत से भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी और फिर पकड़ लिया।

चुनाव नहीं लड़ेंगे अखिलेश

लखनऊ.एजेंसी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ऐलान किया कि वे इस बार भी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे और सांसद से सीधे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

भोपाल में भाजपा का रैला

भोपाल.एजेंसी। भोपाल में आज भाजपा की लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा हो रही है, जिसमें एक लाख लोगों की भीड़ आने का दावा किया गया है।

ट्रेन उड़ाने की साजिश, ट्रेन गुजरते ही धमाका

अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर).एजेंसी। श्रीगंगानगर के रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर 50जीबी गांव के पास पैसेंजर ट्रेन को उड़ाने की एक बड़ी साजिश नाकाम हो गई। इसके पीछे पाकिस्तानी साजिश का अंदेशा जताया जा रहा है। कल रात को इस ट्रैक से एक ट्रेन गुजरी, इसके बाद रेलवे ट्रैक पर तेज धमाका हुआ जिसके कारण रेल ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। इस धमाके के बाद इस रूट पर चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा और कई ट्रेनों के रास्ते बदलना पड़े ।










भगवान महावीर स्वामी के 2553वें निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली पर हार्दिक बधाई



वीरेन्द्र-सीमा बड़जात्या, भरत-मनाली बड़जात्या
मा. प्रविष्ट बड़जात्या एवं परिवार

देराणी जेठाणी साड़ीज
कॉटन एवं फैन्सी साड़ियों के विक्रेता
6, सीतलामाता बाजार, इंदौर (म.प्र.)
मो.: 9406853200

अपनापन
THE STORE OF WOMENS ETHNIC WEAR
कुर्ती, प्लाजो सेट, पेंट सेट, शरारा सेट, लेगीन्स
25, सीतलामाता बाजार, इंदौर (म.प्र.)
मो.: 8989277006

दीपोत्सव के पावन दिनों में
नया फर्निश्ड बंगला खरीदें
इन्दौर की प्राईम लोकेशन एयरपोर्ट के सामने
RN सिटी कॉलोनी में
24x50 के पूर्व मुखी प्लॉट पर
वास्तु अनुसार 2300 फीट, जी+1 बंगला
ए-क्लास कंस्ट्रक्शन, जिसमें 4 बड़े बेडरूम,
एसी, अटैच लेटबाथ, मॉड्यूलर किचन विथ चिमनी
ड्राईंग, डायनिंग, हॉल, शानदार बालकनी,
पूरे बंगले में पंखे, ट्यूबलाईट, पूजा घर
फॉल सिलिंग, सोफा, डाईनिंग टेबल, TV यूनिट,
LED सेपरेट बोरिंग, कार पोर्च
पवन जैन एंड एसोसिएट्स बिल्डर्स एंड ब्रोकर्स
सम्पर्क करें: 98270-10072, 98272-10777



दीपावली महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
गोपाल न्याती
पूर्व उपाध्यक्ष
पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक
माहेश्वरी सभा अहिल्या आंचल



दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
आपका अपना जैनेश झांझरी
143, गोयल नगर, इंदौर
महामंत्री : शहर कांग्रेस कमेटी इंदौर एवं प्रभारी वार्ड 50
संरक्षक : दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जैनम
मुख्य संयोजक परिवहन व्यवस्था : पुंगव मुनि श्री 108 सुधासागर जी महाराज शिविर पर्युषण पर्व 2026
राष्ट्रीय चेयरमेन : तीर्थ सर्वेक्षण योजन भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी
अध्यक्ष : श्री इंदौर राइस एंड पल्सेस ब्रोकर्स एसोसिएशन
महामंत्री : दिगम्बर जैन महासमिति मध्यांचल
महामंत्री : ऋषभदेव गौरव न्यास
संगठन महामंत्री : दिगम्बर जैन समाज, सामाजिक संसद, इंदौर
ट्रस्टी : बावनगजा सिद्ध क्षेत्र
प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य : श्री गोम्मटगिरी तीर्थक्षेत्र एवं बनेड़िया जी अतिशय क्षेत्र
मुख्य संयोजक : 108 स्थावर्धन चातुर्मास 2024, मुनिश्री 108 प्रमाणसागर जी महाराज

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
रमेशचंद्र सालवी
सूरज सालवी

दीपावली महापर्व
की हार्दिक बधाई
मनीष ड्रेसेस
मनीष सुराणा
खुटाल मोहिते काम्पलेक्स राजवाड़ा
इन्दौर

SA
Wish You a Very Happy Diwali
SOMANI ASSOCIATES
TAX & FINANCE CONSULTANTS
Prop. Shubham Somani - Mob. : 8989548633
28-B, Greater Brajeshwari
(Near Piplayahana Square), Indore, (M.P.) - 452016
Email : ssomaniassociates@gmail.com
Instagram: somani_associates



दीपावली पर्व
की आप सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएँ
राहुल मानधन्या
नीलेश राठी
Dosti.com
(दोस्त है तो ज़िन्दगी है)
विजय जाजू, मनीष लाठी, प्रितेश हेडा, नीलेश भूतडा,
शरद मूंदड़ा, भरत तोतला, राहुल काबरा, अनिल राठी, विक्रम काबरा, संजय बिहानी,
विनय कासट , नितिन खटौड़, नितेश मुंदड़ा, रितेश सोमानी, संजय लोहिया, विजय सोमानी,
अभिनंदन मालपानी, गौरव जाखेटिया, रितेश राठी एवं समस्त दोस्ती. काम मित्र मंडली

विजय बियाणी
9425063306
ललित बियाणी
9909928874
अजय बियाणी
9826077831, 9425063306
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रापर्टी हाऊस
जी-1 महासागर कार्पोरेट गीता भवन, इन्दौर



दीपावली
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
पवन भलिका
मधुसूदन भलिका
श्रीनिवास - अनिता भलिका, पवन कुमार - अर्चना भलिका,
मधुसूदन - शिखा भलिका, जगदीश - निधि भलिका
हर्ष - संस्कृति, उत्कर्ष, जतिन
सुशीला-भलिका परिवार, भक्त प्रहलाद नगर, इन्दौर



दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
गदिया परिवार
15, क्लर्क कालोनी इन्दौर
+91 93007 32972
पंकज गदिया
Mutual Fund Distributor



खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक बधाई
संजय लोहिया



दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
किरण जिरेती
वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं समाजसेवी
• पूर्व प्रदेश कांग्रेस मानेटरिंग कमेटी (पी.सी.सी.)
• उपाध्यक्ष : मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस
• लायन्स क्लब इंटरनेशनल पूर्व रीजन चेयर पर्सन
• काउन्सलर : थाना पंढरीनाथ व पलासिया क्षेत्र, इन्दौर
• अध्यक्ष : श्रीमाल समाज, इन्दौर
• नईदुनिया नाईका : पूर्व लायनेस डिस्ट्रीक्ट प्रेसिडेंट



दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
चेतन ज्योति नागोरी



दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
चंद्रशेखर इंदु पसारी

कांग्रेस के पार्षदों की बैठक में पानी के मुद्दे पर नहीं हुई गंभीर चर्चा निगम जो योजना घोषित कर चुका है उसी की कर दी मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आने वाले समय में शहर में पैदा होने वाले पानी के संकट को लेकर कांग्रेस के पार्षदों की कल आयोजित की गई बैठक में गंभीर चर्चा नहीं हो सकी। नगर निगम के द्वारा अपनी जो योजनाएं पूर्व से ही घोषित कर दी गई है उसी की कांग्रेस के द्वारा मांग कर दी गई।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने आने वाले पानी के संकट को ध्यान में रखते हुए कल कांग्रेस के पार्षदों की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद नगर निगम से यह मांग की गई है कि वह अभी से हर वार्ड की स्थिति को लेकर एक योजना तैयार करें। इसके साथ ही कांग्रेस के पार्षदों ने कहा कि जब आग लगे तब कुआं खोदने के बजाय अभी से हमें तैयारी करना होगी। इस बैठक में यह भी कहा गया कि हर वार्ड में मौजूद हुए बावड़ी का उपयोग करने के बारे में भी कार्य योजना तैयार की जाना चाहिए।

कांग्रेस के पार्षदों के द्वारा यह सभी वह मांग उठाई गई है जिन्हें पहले से ही नगर निगम के द्वारा घोषणा कर क्रियान्वयन की राह में आगे बढ़ा दिया गया है। निगम की ओर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को पहले ही यह निर्देश दिया जा चुका है कि हर वार्ड में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग कार्य योजना तैयार करें। इस कार्य योजना में यह निश्चित किया जाए कि संबंधित वार्ड में कौन से क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर की पानी की समस्या पैदा हो सकती है। ऐसे क्षेत्र में इस समस्या का समाधान किस तरह से किया जाएगा इस पर भी अभी से तैयारी कर ली जाए।

इसके अलावा कांग्रेस के पार्षदों के द्वारा पारंपरिक जल स्रोत का उपयोग करने की भी मांग उठाई गई है। इस बारे में भी नगर निगम के द्वारा पहले से ही घोषणा की जा चुकी है। निगम के द्वारा अपने अधिकारियों को या निर्देशित किया गया है कि हर वार्ड के इस तरह के जल स्रोत चिन्हित कर ले और उनमें से जहां पर आवश्यकता हो वहां पर हाइड्रेंट बना दे ताकि इस जल स्रोत से टैंकर में पानी भरकर वह पानी सप्लाई किया जा सकें।

जल नीति घोषित हो गई

नगर निगम के द्वारा आने वाले समय में होने वाले पानी के संकट को ध्यान में रखते हुए अपनी जल नीति भी पिछले दिनों घोषित कर दी गई है। हाल ही में हुई महापौर परिषद की बैठक इस नीति को घोषित करते हुए नगर निगम के द्वारा यह बता दिया गया है कि आने वाले समय में जल संकट से निपटने के लिए किस तरह कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही जनता से निगम की जो अपेक्षा है उन्हें भी सभी के सामने रख दिया गया है। पानी का दुरुपयोग करने वाले नागरिकों पर की जाने वाली कार्रवाई की कार्य योजना भी इस जल नीति में ही निगम के द्वारा घोषित की गई है।

राहुल गांधी का वादा कांग्रेस ने पूरा किया

युवती की आंखों का कराया इलाज



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर के रीजनल पार्क के सामने छात्रों की गूंज कार्यक्रम 19 सितंबर को आयोजित किया गया था, उस दौरान बड़वानी की युवती प्रियंका की आंखों की परेशानी का जिक्र राहुल गांधी से किया गया था। राहुल गांधी ने युवती से वादा किया था कि उनकी आंखों का इलाज कराया जाएगा। बड़वानी की प्रियंका के आंखों का ऑपरेशन दिल्ली में किया गया। युवती पूरी तरह स्वस्थ्य होकर वापस इंदौर लौटी। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की। प्रियंका जब 3 साल की थी तब उनकी आंखों में चूना चला गया था, तभी से एक आंख में काफी दिक्कत रही। आर्थिक स्थिति के कारण वह इलाज नहीं करवा पाई थी। राहुल गांधी ने मंच से ही भरोसा दिलाया था कि दिल्ली में आपका इलाज करवाऊंगा। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी प्रियंका के माता पिता से फोन पर चर्चा की थी और भरोसा दिया था कि जल्द इलाज होगा। राहुल गांधी की टीम ने भी प्रियंका और परिजनों से संपर्क कर उन्हें दिल्ली बुलवाया और दिल्ली के अस्पताल में प्रियंका की आंखों का इलाज हुआ। चिकित्सिकों का कहना है कि पहले की तुलना में प्रियंका की आंखों की विजिबलिटी काफी बेहतर हो गई है। प्रियंका जब इंदौर लौटी तो उसके चेहरे पर संतोष की मुस्कान अलग ही दिखाई दे रही थी।

गांधी भवन में मनेगी आज शाम अर्जुनसिंह की जयंती

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह की जन्म जयंती आज मनाई जा रही है। अर्जुन सिंह विचार मंच के ठा. जितेन्द्रसिंह ने बताया कि आज शाम 4 बजे गांधी भवन पर कार्यक्रम आयोजित कर अर्जुनसिंह के चित्र पर पुष्पांजलि दी जाएगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे,संगठन महामंत्री दौलत पटेल सहित अन्य कांग्रेसी गांधी भवन में आज शाम 4 बजे से मौजूद रहेंगे।

कांग्रेस नेता ने की छोटे व्यापारियों से खरीददारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कांग्रेस उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अरविन्द बागडी ने सार्थक दीपावली के मद्देनजर छोटे व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान लाने की पहल के अन्तर्गत फुटपाथ पर बैठने वाले व्यापारियों से खरीददारी की। इनमें दीपक, सजावटी सामान, पूजन सामग्री एवं दीपावली की अन्य वस्तुएं ली गई। बागडी ने बताया कि समाज के सभी वर्ग और सभी तबके के साथ बडे से लेकर छोटे लोग दीपावली का पर्व खुशियों के साथ मनाए। बागडी ने कांग्रेसजनों, वैश्य समाजजनों और अन्य से भी आव्हान किया कि वे छोटे कामकाजियों से भी सामान खरीदे।



कम्युनिस्ट पार्टी ने भी दी श्रद्धांजलि

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शराब माफियाओं द्वारा देवास जिले खातेगांव के थाना प्रभारी दिलीप पुरी की वाहन से हत्या कर दी गई थी। इन्दौर में थाना प्रभारी पुरी का चित्र रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शैलेन्द्र शैली, रुद्रपाल यादव सहित अन्य मौजूद थे। क़म्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने दीपावली पर निजी बस किराया में की गई वृद्धि पर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार निजी बसों के किराये पर नियंत्रण करें। पहले ही जनता महंगाई से जूझ रही है, ऐसे में त्योहार पर आने-जाने में खर्च होता है।

शहर कांग्रेस और पार्षद दल आज शाम मिलेगा निगम कमिश्नर से

सिक्योरिटी गार्ड घोटाला और पानी समस्या पर होगी चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने विगत दिनों नगर निगम के सिक्योरिटी गार्ड घोटाला का मुद्दा उठाया था। एक साल का सिक्योरिटी गार्ड टेंडर हुआ था वह टेंडर 12 साल तक चलता रहा। खुद एक अधिकारी ने इस मामले को पकड़ा था और फिर शहर कांग्रेस ने मुद्दे को उठाते हुए 6 करोड़ का घोटाला बताया था। इसी सिक्योरिटी गार्ड घोटाला और वार्डों में आ रही पानी समस्या को लेकर आज शाम 7 बजे शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और कांग्रेस पार्षद दल निगम मुख्यालय में निगमायुक्त से मुलाकात करेंगे।

भाजपाइयों ने दिए बालिकाओं को पुरस्कार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माँ मनसा देवी कर्म मंडल द्वारा गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भाजपा पिछडा वर्ग के रघु यादव, मुन्ना साहू, मलखानसिंह कुशवाह, सुभाष साहू, विनोद साहू सहित अन्य मौजूद थे।

कांग्रेसियों ने की नलजल योजना भ्रष्टाचार की शिकायत

केंद्र की योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

युवक कांग्रेस से जुड़े ग्राम पंचायत बांक क्षेत्र के ग्रीन पार्क कॉलोनी के रहवासी सरफराज अंसारी ने चार साल पहले नल जल योजना के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की है। यह योजना केंद्र सरकार की है, जिसके अंतर्गत गांव और पंचायत के हर घर तक जल पहुंचाने का काम किया जाना है। क्षेत्र में करीब 7 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च करके घर घर तक जल पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिस पर अंसारी ने सवाल खड़े किए। इस जल योजना का किस आधार पर क्रियान्वयन किया गया। जल आपूर्ति के स्रोत के बारे में भी ठीक से जानकारी नहीं जुटाई गई। अंसारी ने कहा कि भ्रष्टाचार इसलिए कहा जाएगा क्योंकि जिन बोरिंग स्रोत के बारे में जानकारी



देकर अधिकारियों को भ्रमित किया गया और करोड़ों रुपए के नल लगाना दिखाए गए उनमें तो कभी पानी आया ही नहीं, यानी कि अधिकारियों को पानी के स्रोत फर्जी बताए गए और बोरिंग करने के नाम पर भी पैसा डकारा गया। इस सम्बंध में बीते दिनों खबर कई बड़े प्रतिष्ठित अखबारों में प्रकाशित हुई है। इसमें बांक पंचायत के पदाधिकारी का बयान प्रकाशित हुआ है जिसमें उन्होंने कहा है कि पीएचई अधिकारियों के कहने पर उन्होंने 100: नल जल का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। जो तथ्यों को घुमाकर भ्रमित करने का काम किया गया है। पानी का स्त्रोत नहीं था तो फिर करोड़ों रुपए, सड़क खोदकर पाइपलाइन बिछाने और नल खड़े करने में बर्बाद ही किए गए हैं। कांग्रेस नेता सरफराज अंसारी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की योजना का लाभ क्षेत्र में लोगों को नहीं मिल पा रहा है जबकि करोड़ों रुपया यहां लगा है। उक्त योजना में बड़ा गबन व भ्रष्टाचार हुआ है, इस बात की पूरी प्रबल संभावनाएं है, क्योंकि बिना सभी तथ्यों को परखे केवल और केवल प्रमाण पत्र जारी करवा देना और सरकारी पैसा निकलवा देना ही पूरे काम में सामने आया है।

नशे के विरोध में संघ चलाएगा जन जागृति अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इंदौर में चल रही तीन दिवसीय बैठक में यह सहमति बनी है कि नशे के विरोध में जन जागृति का अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही युवाओं के मुद्दे पर भी इस बैठक में गंभीर चर्चा हुई है। अब इस बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा का समय आ गया है।

संघ की यह बैठक इंदौर में आयोजित की गई है। इस बैठक में भाग लेने के लिए देश भर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 408 पदाधिकारी इंदौर पहुंचे हैं। इन पदाधिकारी को ही बैठक में भाग लेने की अनुमति है। इसके अलावा बैठक की व्यवस्था में लगे संघ के स्थानीय स्वयंसेवकों को व्यवस्था करने के लिए तो आने की अनुमति दी गई है लेकिन उन लोगों को बैठक के सभागार में आने की कोई अनुमति नहीं है। जिन स्वयंसेवकों की ड्यूटी इस बैठक की व्यवस्था में लगाई गई है उन्हें भी बैठक स्थल पर प्रवेश करने के लिए जारी किए गए कार्ड को देखकर ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। पूरे बैठक स्थल पर सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई है।

युवाओं के मुद्दे पर संघ की बैठक में हुई गंभीर चर्चा

इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपने संगठन का विस्तार करने के साथ-साथ देश के प्रमुख मुद्दों पर भी विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही यह भी निश्चित किया जा रहा है कि आने वाले समय में संघ के द्वारा क्या-क्या कार्य किस तरह से किया जाएगा। अब संघ का कार्यक्षेत्र संभागीय स्तर पर विभाजित करने की प्रक्रिया को भी शुरू किया जा रहा है।

संघ की इस बैठक में देश के युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर भी विचार किया गया है। नशीले पदार्थों के सेवन की बढ़ती आदत पर संघ के द्वारा चिंता व्यक्त की जा रही है। यह संभव है कि आज संघ के द्वारा यह घोषणा कर दी जाए की आने वाले समय में नशे के खिलाफ संघ की ओर से जन जागरण का अभियान चलाया जाएगा। देश में युवाओं के द्वारा किए जा रहे आंदोलन को ध्यान में रखते हुए इस स्थिति पर भी संघ के द्वारा विचार विमर्श किया गया। इस आंदोलन से क्या हालत बन रहे हैं और इन युवाओं के साथ किस तरह से बातचीत की जाना चाहिए इस बारे में भी बैठक में काफी देर तक चर्चा की गई।

आज दी जाएगी जानकारी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के द्वारा आज दोपहर में एक पत्रकार वार्ता लेकर संघ की इस बैठक में हुई चर्चा और लिए गए फैसले की जानकारी को जाहिर किया जाएगा। यह पत्रकार वार्ता बैठक स्थल पर ही आयोजित की गई है। इसमें यह जानकारी दी जाएगी कि संघ के द्वारा अब आने वाले समय में किस तरह से क्या काम किया जाना है।



निगम करेगा मिस्ट मशीनों से संचालन

दीपावली के दूसरे दिन चलेगा विशेष सफाई अभियान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम आयुक्त के निर्देश पर दीपावली के दूसरे दिन अलसुबह से बडी संख्या में मौजूद रहने वाले कचरे का समय पर संग्रहण और निष्पादन से लेकर सफाई चाक चौबंद करने को लेकर व्यवस्था की है। निगम ने वायु गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से प्रमुख मार्गों पर मिस्ट मशीनों का संचालन किया जाएगा। निगम ने सफाई कर्मियों को भी निर्देश दिए है कि दीपावली के दूसरे दिन पूरी उपस्थिति दर्ज कराए। अतिरिक्त डोर-टू-डोर वाहन एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की व्यवस्था भी की गई है। वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहित करने कल 5 नवंबर को नेहरू पार्क में दीपावली मेला लगाया जाएगा। कमिश्नर के आदेश के बाद अपर आयुक्त ने भी स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, दरोगा, सहायक दरोगा को भी कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, वाहनों की मौजूदगी के निर्देश दिए है। अतिरिक्त वाहन ट्रैक्टर ट्रालियां भी लगाई जाएगी। दीपावली के दूसरे दिन शहर में विशेष सफाई अभियान संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रमुख मार्गों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवासीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया जाएगा, ताकि त्योहार के बाद शहर को शीघ्र स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जा सके। वहीं, वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं शहर की वायु गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से प्रमुख मार्गों पर मिस्ट मशीनों का संचालन किया जाएगा। रीगल एवं खजराना चौराहा स्थित मिस्ट टावर्स को नियमित रूप से संचालित करने के साथ ही दो वाटर स्प्रिंकलर मशीनों के माध्यम से भी पानी का छिड़काव किया जाएगा।

घटिया निर्माण से बना सेंट्रल डिवाइडर दीपावली बाद तोड़ा जाएगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के बाद एबी रोड पर बनाया गया सेंट्रल डिवाइडर पांच महीने में ही सवालों के घेरे में आ गया है। करीब 7 किलोमीटर लंबे हिस्से में बने डिवाइडर के निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने और तकनीकी मानकों की अनदेखी के आरोप लगे हैं। एमआईसी सदस्य एवं जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए महापौर और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर घटिया निर्माण हटाने की अनुशंसा की है। साथ ही संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने और अमानत राशि राजसात करने की मांग की है। एमआइसी सदस्य राठौड़ के मुताबिक, जांच के बाद अब दीपावली के बाद घटिया निर्माण वाले हिस्से को तोड़कर हटाया जाएगा। इधर निगम आयुक्त ने भी पूरे निर्माण की जांच के निर्देश दिए हैं।

7 किमी लंबे बीआरटीएस मार्ग पर बने डिवाइडर की गुणवत्ता पर सवाल, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़ ने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने और कार्रवाई के लिए महापौर को लिखा था पत्र

17 करोड़ का था डिवाइडर निर्माण का प्रोजेक्ट

हाईकोर्ट के आदेश के बाद बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसके तहत सड़क के दोनों ओर बनी रेलिंग हटाकर यातायात के लिए जगह उपलब्ध कराई गई। इसके बाद निगम ने सेंट्रल डिवाइडर बनाने का काम शुरू किया। नगर निगम द्वारा बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने और सेंट्रल डिवाइडर के निर्माण हेतु लगभग 17 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया था। जिसके तहत निरंजनपुर से एलआईजी चौराहे तक बने डिवाइडर के निर्माण किया गया है खास तौर पर C21 माल के सामने बने केंद्रीय डिवाइडर के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हुआ है यहीं पर डिवाइडर तोड़कर नया बनाने की तैयारी की जा रही है। एमआईसी सदस्य राठौड़ ने निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और निर्धारित मापदंडों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पहले भी आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं, लेकिन सुधार नहीं हुआ। अब मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर संबंधित हिस्से को तोड़ने और ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। दीपावली के बाद यह कार्रवाई होना तय है। एमआइसी सदस्य राठौड़ ने कहा कि सेंट्रल डिवाइडर निर्माण करने के दौरान जिन अफसर को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने भी अपने काम को ठीक से नहीं किया है। जिस प्रकार से निर्माण मटेरियल की जांच निर्माण से पहले करवाई जानी थी उसमें लापरवाही सामने आई है। लैब टेस्टिंग रिपोर्ट भी बीआरटीएस सेंट्रल डिवाइडर की तकनीकी रूप से गुणवत्ता से मेल नहीं खाती है जिसके आधार पर जल्द ही निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले अफसर पर भी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। निगम आयुक्त ने पूरे निर्माण की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के बाद दोषियों पर कार्रवाई और घटिया निर्माण को हटाने का निर्णय लिया जाएगा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने निकाली रैली, दिखाई सतर्कता जागरूकता

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंदौर अंचल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अंतर्गत भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने तथा ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के अंचल कार्यालय एवं अंचल की विभिन्न शाखाओं में सतर्कता जागरूकता रैली निकाली।



सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई। जन-जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं । अंचल प्रबंधक संजीव कुमार ने सार्थक संदेश दिया और संकल्प भी दिलाए। उक्त जानकारी राकेश जैन विनायका ने दी।



पैदल यात्री संघ ने दिया बड़े बप्पा को निमंत्रण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ इंदौर द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत होने वाली अन्नकूट महाप्रसादी का प्रथम निमंत्रण का श्री गणेश आज श्री बड़े गणपति जी को विधिवत पूजा अर्चना के बाद दिया गया। ओमप्रकाश जोशी, मुकेश व्यास, कमलेश बागोरा, राजेश सोनी, संतोष जोशी (सन्टू) उपस्थित थे।

रणजीत हनुमान का भंडारा करने वाले कैटरर्स के सैंपल हुए फेल

जिला प्रशासन ने वीर वीरेंद्र गार्डन को किया सील

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। जिला प्रशासन के द्वारा फूटी कोठी चौराहे के पास में स्थित वीर वीरेंद्र गार्डन को सील कर दिया गया है। इस गार्डन में एक कैटरर्स के द्वारा मिठाई बनाने का काम किया जा रहा था। इस कैटरर्स की मिठाई के नमूने फेल हो गए।

इस समय प्रशासन के द्वारा दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासन के द्वारा वीर वीरेंद्र गार्डन से मिठाई के नमूने लिए गए थे। वहां पर मामा जी कैटरर्स के द्वारा मिठाई बनाने का काम किया जा रहा है। इस कैटरर्स ने दीपावली पर बहुत सारे परिवारों के घरों तक मिठाई पहुंचाने का ठेका लिया है। वीर वीरेंद्र गार्डन में बिना अनुमति के मिठाई निर्माण का कारखाना चलाया जा रहा था। इस स्थिति के चलते हुए प्रशासन की टीम के द्वारा इस गार्डन को सील कर दिया गया है। ध्यान रहे कि यह वही कैटरर्स है जो कि दीपावली के त्यौहार के बाद रणजीत हनुमान मंदिर पर होने वाले अन्नकूट उत्सव के भंडारे का भोजन बनाने का काम करता है। इस कार्रवाई को किए जाने से सनसनी फैल गई है। प्रशासन पर कार्रवाई को रोकने के लिए बहुत दबाव भी आया लेकिन प्रशासन के द्वारा पूरे दबाव को नकार दिया गया।

नर्सिंग कॉलेज में रंगाई-पुताई कर होंगे सौंदर्यकरण कार्य

इंदौर। एमजीएम कॉलेज से संबद्ध गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के भवन के कायाकल्प की तैयारी प्रबंधन द्वारा पूरी कर ली गई है। लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव की कमी का सामना कर रही इस ऐतिहासिक इमारत को अब लोक निर्माण विभाग के आधिकारियों ने रंगाई - पुताई कर भीतर से लेकर बाहर पूरी तरह से रंगाई-पुताई कर चमकाया जाएगा जिसको लेकर पीडब्लूडी के पीआईयू विभाग के अफसरों ने तैयारी शुरू कर दी है।

इस कार्य योजना के अंतर्गत कॉलेज परिसर की अंदरूनी और बाहरी दीवारों की पुट्टी, पेंटिंग और डिस्टेंपर कर इसे एक नया व साफ-सुथरा लुक दिया जाएगा। दरारों और सीलन का इलाज किया जाएगा। बारिश के मौसम के कारण दीवारों में आई सीलन को दुरुस्त करने के साथ-साथ पुरानी हो चुकी बिल्डिंग की मरम्मत की जाएगी। लैब और क्लासरूम का अपग्रेडेशन भी किया जाएगा। छात्राओं के लिए क्लासरूम और प्रैक्टिकल लैब्स को भी व्यवस्थित किया जाएगा ताकि पढ़ाई का माहौल बेहतर हो सके।

खास बात यह है कि 1960 में स्थापित, यह इंदौर का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित सरकारी नर्सिंग संस्थान है। यहाँ बीएससी नर्सिंग की 100 सीटों के साथ-साथ पोस्ट बेसिक बीएससी और एमएससी नर्सिंग के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। सालों पुरानी इमारत होने की वजह से छात्रों द्वारा इसके रख-रखाव की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इस कायाकल्प से न केवल संस्थान का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि मेडिकल काउंसिल और निरीक्षण के मानकों पर भी यह कॉलेज पूरी तरह खरा उत

































रंगोली और पोस्टर से पानी बचाने का संदेश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 'क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी' के बैनरतले स्कूल के बच्चों ने रंगोली और पोस्टरों के जरिए पानी बचाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने सेव वाटर के साथ पानी बचाने का संदेश रंगोली और पोस्टर के माध्यम से दिया।

विद्या सागर महाराज पर जारी होगी डाक टिकट की श्रृंखला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। श्रमण संस्कृति के महाश्रमण आचार्य विद्यासागर म.सा. पर जारी होगी स्मारक डाक टिकटों की श्रृंखला इसकी स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। इसी माह भोपाल में आवरण विवरणिका और विशेष मुहर भी जारी होगी और लोकार्पण भी समारोहपूर्वक किया जाएगा। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी स्वीकृति प्रदान की है। देशभर के अलावा विदेश के भी जैन परिवारों में डाक टिकट और उसके व्यापक प्रचार-प्रसार की सामग्री भी पहुंचेगी। इसके लिए प्रचार-प्रसार अभियान भी किया जा रहा है।



पुलिस जनसुनवाई में 100 शिकायतें

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने सभागार में जनसुनवाई में आए 100 लोगों की शिकायतें सुनी। मौजूद अधिकारियों को आए लोगों की समस्याओं की जानकारी देकर हल करने के निर्देश दिए। अलग-अलग तरह की शिकायतें आई थी।

राजा राव मंडलोई को याद किया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राव राजा राव नंदलाल मण्डलोई के बलिदान दिवस पर छत्रियों का पूजन, गादी पूजन के साथ ही हेरिटेज वाक का आयोजन किया गया। शहीद परिवारों की सहायता हेतु आर्मी वेलफेयर फण्ड में सहायता राशि प्रदान की गई।



शिवशक्ति केंद्र ने मनाई सार्थक दीपावली

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। शिवशक्ति योग केंद्र ने अलग अलग चार विद्यालयों में पहुंचकर सैकड़ों विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की। प्रदीप जैन, दिनेश जिंदल, राम, रमेश शर्मा, शीतल दावानी, अर्चना तिवारी, लीना रत्नपारखे सहित अन्य मौजूद थे।





पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण को लेकर समझौता

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। समग्र मानव कल्याण और पर्यावरण संरक्षण और सतत राष्ट्रविकास को लेकर यूएनएसीसीसी और ओशमीन फाउंडेशन के बीच समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। डॉ. रजत शर्मा, निर्भय चौधरी, सुरेंद्र वर्मा, आदित्य त्रिवेदी, रितु शर्मा, डॉ. शिशिर पंडित, शशांक कांबले, अभिषेक राठौर सहित अन्य मौजूद थे।

कान्ह नदी शुद्धिकरण एवं पुनर्जीवित करने पर प्रस्तुतीकरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर की जीवन रेखा समझी जाने वाली कान्ह नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अब एकमात्र तरीका यही है कि हम सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर ,साफ किए गए पानी को पंपिंग करके लाए और इस नदी में छोड़ा जाएं। इस नदी में जब तक निरंतर साफ पानी नहीं छोड़ा जाएगा तब तक यह साफ पानी वाली नदी के रूप में परिवर्तित नहीं हो सकती है। अब तक इसे नदी बनाने के लिए किए गए प्रयासों की नाकामी से हमें सबक सीखना चाहिए। यह जानकारी नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी के सचिव एवं पूर्व अभियंता डॉ मुकेश चौहान ने कान्ह नदी को पुनर्जीवित कर, साफ एवं शुद्ध पानी की धारा बहे इस संबंध में डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के द्वारा इंदौर प्रेस क्लब सभागार में आयोजित प्रस्तुतीकरण के द्वारा दी। आलोक खरे, कमल प्रसाद, महेन्द्र खरे, श्याम पांडे,सी बी सिंह, रामेश्वर गुप्ता, नूरमोहम्मद कुरेशी, एस बी सिंह,मनोहर देव, श्याम सुन्दर यादव, डॉ गौतम कोठारी, राकेश श्रीवास्तव,ओ पी जोशी,प्रो वंदना तारें, अशोक कोठारी, प्रो संदीप नारुलेकर, शफी मोहम्मद शेख सहित अन्य मौजूद थे।



पुलिस अधिकारी ने किया शहर के मध्य व्यापारिक क्षेत्रों का दौरा

त्योहार के पहले देखी यातायात और सुरक्षा व्यवस्था

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। सराफा क्षेत्र के एसीपी यश बिजौरिया ने शहर के मध्य अपने सराफा क्षेत्र में लगने वाले व्यापारिक क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को देखा। गलियों तक की व्यवस्था को देखने के बाद व्यापारियों व ग्राहकों की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। सराफा थाना प्रभारी दीपसिंह परमार के साथ बिजौरिया ने राजवाड़ा, सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाज खाना चौक, सीतला माता बाजार, खजूरी बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सभी व्यापारी अपना कैमरा चालू रखे यह हिदायत भी थाना की ओर से दी गई। अग्नि और विद्युत सुरक्षा के बारे में भी व्यापारियों को बताया जाए। शॉर्ट सर्किट होने पर विद्युत मंडल और इलेक्ट्रिशियन को तत्काल जानकारी दी जाए यह भी कहा गया।





निगम आयुक्त के पास पहुंची 40 समस्याएं

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल मंगलवार को जनसुनवाई में मौजूद रहकर वहां पहुंचे 40 लोगों की समस्याओं को अपने कक्ष में सुना। अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख की मौजूदगी में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जो भी आवेदन आए वे जल्द से जल्द समस्याविहीन हो।



कचरा फेंकने पर चालानी कार्रवाई

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। विधानसभा 1 के वार्ड 4 पंचवटी नगर में सीएसआई शैलेष पाल, सहायक सीएसआई भारत करोसिया, वार्ड दरोगा मुकेश, तेजी और सन्नी अगवानी को शिकायत मिली थी यहां खाली प्लॉट पर कचरा फेंका जा रहा है। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो मामला सही पाया गया। आरपी व्यास का पांच हजार रुपए का चालान बनाया गया।

अधिकारियों ने देखे पटाखा बाजार में अग्नि सुरक्षा प्रबंध

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। नगर निगम के अधिकारियों ने शहर में लगी पटाखा दुकानों का निरीक्षण अपने अपने क्षेत्रों में किया। दुकानों में अग्निसुरक्षा के निर्धारित मानकों को चेक किया। जहां कमी नजर आई वहां तत्काल व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए। आईडीए मैदान झोन एक के 15वीं बटालियन, महेश गार्ड लाइन, झोन 13 के पालदा पटाखा मार्केट, जोन 15 के पटाखा बाजार, जोन 16 के सुपर कॉरिडोर पटाखा मार्केट, जोन 21 के पटाखा बाजार, 22 के पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। अग्नि सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था आपातकालीन परिस्थितियों में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में ऑनलाइन आपत्ति

इंदौर। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग ने सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा- 2026 के प्रश्नपत्र की प्रावधिक उत्तर कुंजी दिनांक 02/11/2026 को आयोग की बेवसाइट पर प्रकाशित कर दी है। इस मामले में अगर कोई शिकायत हो तो परीक्षार्थी आनलाइन आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी अथवा इनके प्रश्न / उत्तर से सम्बन्धित आपत्ति हो तो परीक्षार्थी अपनी आपत्ति प्रमाणित संदर्भों के साथ आनलाइन लिंक पर निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ आयोग की बेवसाइट ै.स्ज्ञे.स्ज्ुदन्.ग्ह पर लिंक उपलब्ध होने के दिनांक से निर्धारित समय-अवधि के अन्दर अभ्यर्थी आनलाइन आपत्ति दर्ज करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात उक्त परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों से आपत्तियों के अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार भी मान्य नहीं होगा।



जैन ग्रुप ने किया बस्तियों में सेवा कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। साधुमार्गी जैन समता संघ एवं समता जीवदया फाउंडेशन द्वारा तीन बस्तियों में 1008 परिवारों को खुशियाँ बांटी। तीन दिवसीय सेवा अभियान में कुल 1008 जरूरतमन्द परिवारों तक विभिन्न क्षेत्रों की बस्तियों में पहुंचकर खुशियों की किट का वितरण किया गया। पारस बोहरा, नीतेश खिन्दावत, मनीष बोहरा ने उक्त जानकारी दी।

केसरी वाटिका में चातुर्मास प्रवचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित केसरी वाटिका में चातुर्मास के अन्तर्गत धर्मसभा में मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजय म.सा. ने प्रवचन में जीवदया, कर्मसिद्धांत, प्रायश्चित्त, क्षमापना एवं वैर-भाव के त्याग का महत्व समझाया। राजेश जैन युवा ने बताया कि बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। राजेन्द्रसूरीश्वर म.सा. की जन्म द्विशताब्दी को समर्पित द्विशताब्दी



गुरुराज स्पर्श चातुर्मास 6, 7 एवं 8 नवंबर श्री उत्तराध्ययन सूत्र आधारित प्रवचन, प्रातः 9:15 बजे 8 एवं 9 नवंबर सामूहिक छठ तप आराधना 10 नवंबर नूतन वर्ष एवं सामूहिक छठ तप पारणा निर्वाण मोदक एवं आरती – प्रातः 5:30 बजे, गौतम रास एवं नववर्ष मांगलिक – प्रातः 6:00 बजे,तपस्वीगण आयोजन होंगे।



अग्रबंधु पहुंचे वृद्धा आश्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर के तत्वावधान में परदेशीपुरा स्थित आस्था वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच पहुंचकर खुशियाँ बांटी गई। गर्म कपडे और अन्य सामग्री भेंट कर भोजन कराया गया।अर्पिता अग्रवाल, अजय मित्तल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विपिन जिंदल, सोनू अग्रवाल, सन्देश गलकर, पलक अग्रवाल, अमर रमबाडिया, आशीष लिम्बोदिया, नवनीत वर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।



अग्रसेन ग्रुप ने की जल बचत और संचय को लेकर कार्यशाला

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा कम वर्षा को देखते हुए जनहित में जल बचत, संचय एवं संवर्धन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। समाजजन और अन्य भी इसमें शामिल हुए। कार्यशाला में आगामी समय में जल संकट को देखते हुए जल को किस प्रकार बचाया जाए इस पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित चालीस प्रतिशत सदस्यों ने बताया कि उन्होंने घर पर वाटर रिचार्जिंग की व्यवस्था की हुई है। बाकी सदस्यों ने भी जल्दी वाटर रिचार्जिंग लगवाने की बात कही। सदस्यों को कपड़े धोने आदि का बचा पानी गार्डन में उपयोग करने एवं कार को बाल्टी के पानी से साफ करने की समझाईश दी गई। पीने के पानी को भी पहली बार में आधा गिलास भरने की बात कही गई। वाश बेसिन के नल को लगातार चालू नहीं रखने एवं टपकते नलों को ठीक करवाने की समझाईश भी दी गई। दिनचर्या में जल के अनावश्यक उपयोग को रोकने की बात भी मीटिंग में रखी गई। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, संजय मंगल, राजकुमार बंसल, कमलेश मित्तल, सतीश गोयल, विनोद गोयल, ज्योति अग्रवाल, मनीष मित्तल, निरंजन गुप्ता, हरिस्वरुप अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

संत सम्मेलन का रामस्नेही संत को निमंत्रण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बिजासन रोड स्थित प्राचीन अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर आगामी 23 से 29 दिसम्बर तक होने वाले अभा अखंड वेदांत संत सम्मेलन के लिए रामस्नेही संत आचार्य रामदयाल महाराज को छावनी रामद्वारा पहुंचकर निमंत्रण दिया गया। उनकी संत सम्मेलन के लिए स्वीकृति है। डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, भावेश दवे, विजय गोयनका मौजूद थे।





माहेश्वरी सेवा संगठन का आनंद बाल मेला

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। श्री माहेश्वरी सेवा संगठन के लक्ष्मीकांत बंग ने बताया कि संगठन द्वारा सार्थक दीपावली और आनंद बाल मेला का आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठ लोगों और जनप्रनिनिधियों की मौजूदगी में बच्चों को सामग्री भी भेंट की गई। पुष्यमित्र भार्गव, ईश्वर बाहेती, लक्ष्मीकांत बंग भरत तोतला, दिनेश चितलांग्य सहित अन्य मौजूद थे।

जेन-जी युवाओं ने रोशन की दिवाली

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आत्मदर्शन फाउंडेशन ने इंदौर वेलफेयर फाउंडेशन के जेन-ज़ी वॉलंटियर्स, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पीजी डॉक्टरों और रैंडम ब्रांड्स के साथ मिलकर तेजाजी नगर की झुग्गी बस्ती में दिवाली के दीये जलाए। इस पहल में मेडिकल कैंप, मौसमी बीमारियों की मुफ्त दवाइयों का वितरण, दिवाली फूड किट और बच्चों के लिए नए कपड़ों का वितरण शामिल रहा। मेडिकल कैंप से लगभग 200 लोगों ने लाभ उठाया।



झलकारी अलंकरण से पांच महिलाओं का सम्मान, तीन वरिष्ठों को कोली रत्न

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वीरांगना झलकारी अलंकरण समारोह एवं कोली कोरी समाज से जुडे प्रकाश महावर कोली, दिनेश वर्मा ने बताया कि वीरांगना झलकारी महोत्सव का आयोजन 22 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। समाज की पांच महिलाओं को झलकारी अलंकरण से और तीन वरिष्ठों को कोली रत्न से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के लिए प्रविष्टियां 15 नवम्बर तक अ.भा. वीरांगना झलकारी महासंघ लेगा।

ज्योर्तिलिंग की यात्रा पर दौड़ लगाने वाले का स्वागत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिहार के अररिया जिले के 19 वर्षीय युवा मोनू मेटुरबाला इन दिनों 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पूरी करने के संकल्प पर निकले हुए है। वे उज्जैन और ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के लिए इन्दौर पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया।



चौहान का झालावाड़ में सम्मान

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। दिव्यांग सेवानिवृत्त शिक्षक आधारसिंह चौहान का सामर्थ्य सेवा ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड से झालावाड़ राजस्थान रिसोर्ट में सम्मान किया गया। समाजजनों ने इस सम्मान पर बधाई दी।



जिम्मेदारों की अनदेखी से बना जाम का नया हॉट स्पॉट

एमवाय से मधुमिलन और मधुमिलन से सरवटे रोड़ पर रोजाना लग रहा 'महाजाम'

20 मिनट से पौन घंटे तक हो रहे परेशान, टू व्हीलर भी नहीं निकाल पा रहे लोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ट्रैफिक पुलिस और यातायात विभाग के साथ थाना स्टॉफ की अनदेखी से एमवाय हॉस्पिटल जावरा कंपाउंड चौराहे के पास जाम का नया हॉट स्पॉट बन गया है। जहां हालत यह है कि रोजाना यहां 15 मिनट से लेकर लोग आधे घंटे तक ट्रैफिक जाम में उलझे रहते है। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस यहां नदारत रहती है। इधर शिवाजी वाटिका और जीपीओ की तरफ से आने वाले वाहन चालक और छावनी से जावरा कंपाउंड चौराहे पर आने वाले वाहन चालकों के कारण पूरा ट्रैफिक रोज दिनभर उलझा रहता है।यही नहीं इसके कारण वाहन चालक आपस में गिरते रहते हैं और इसके कारण लंबे समय तक जाम लग रहा है। इसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।

चौराहे पर हनुमान मंदिर से सरवटे रोड की ओर ज्यादा हालत खराब- यही नहीं जबकि मधुमिलन



चौराहे पर हनुमान मंदिर के सामने से लेकर सरवटे बस स्टैंड रोड तक और ज्यादा हालत खराब है। यहां बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जाने वाले और छावनी की ओर से आने वाले वाहन चालक आपस में उलझते नजर आते है। दरअसल यहां मधुमिलन टॉकीज रोड पर ऑटो पार्ट्स का बाजार है जहां बाहर के व्यापारी और अन्य लोग शहर के बाहर से बड़ी संख्या में गाड़ियों के सामान खरीदी और वाहन सुधराने के लिए भी आते हैं। जिसके कारण भीड़ भाड़ रहती है। वहीं अभी दीपावली त्यौहार के कारण भीड़ भाड़ ज्यादा होने से यहां और ज्यादा जाम लग रहा है। जिसके कारण लोग रोज़ाना यहां घंटों जाम में उलझ रहे है। जिसका बड़ा कारण बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहन चालक और सरवटे जाने वाली बसों की आवाजाही से भी टैफिक उलझ रहा है। इसके बावजूद यहां से अक्सर ट्रैफिक पुलिस गायब रहती है। हालत यह है कि ना ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद रहते हैं और न थाने का स्टाफ ध्यान दे रहा है। जिसके कारण लोग जाम में फंस रहें है।

एमबीए की फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं कब होंगी?

इंदौर। एमबीए में एडमिशन की प्रक्रिया अभी जारी है। संभावना है कि फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेस 1 दिसंबर से शुरू नहीं हो पाएंगी। लेकिन डीएवीवी ने यह अब तक नहीं बताया कि नया शेड्यूल कब जारी किया जाएगा। अब संभावना है कि ऐसे में इस बार कम से कम 90 दिन की क्लासेस पूरी होने के बाद ही फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा डीएवीवी करवाएंगी। यानी परीक्षाएं अब 20 दिसंबर के बाद ही हो पाएंगी। पिछली बार भी डीएवीवी ने दिसम्बर में ही एग्जाम करवा ली थी। इसके साथ यूनिवर्सिटी लॉ और बीएड जैसे प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाएं तो डीएवीवी 1 दिसंबर से ही कराएगी।

ये है हालात- डीएवीवी अभी तक एमए, एमकॉम तरह की एमबीए में भी हायर एजुकेशन विभाग का कैलेंडर फॉलो कर रहा था। लेकिन अब उसे एमबीए के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग के एग्जाम कैलेंडर के अनुसार तारीखें तय करना थी। लेकिन वह दोनों ही कैलेंडर फ़ॉलो नहीं कर पाया। सवाल यह है कि आखिर हर साल सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर यह स्थिति क्यों बनती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर परीक्षाएं समय पर यानी जनवरी में होंगी तो फायदा यह होगा कि छात्रों को परीक्षा के लिए कम दिन का अतिरिक्त समय मिल जाएगा। क्योंकि उच्च शिक्षा विभाग के एग्जाम कैलेंडर में परंपरागत कोर्स पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं नवंबर-दिसंबर में तय रहती हैं। जबकि तकनीकी शिक्षा विभाग के कैलेंडर में यह दिसंबर अंत से लेकर जनवरी अंत में तय रहता है।

एमबीए फर्स्ट सेम का पिछला रिजल्ट इतना खराब रहा था कि सिर्फ 30 फीसदी के आसपास छात्र पास हो पाए थे। 1200 से ज्यादा तो फेल हो गए थे। तब कॉलेजों व छात्रों ने सवाल उठाए थे कि बगैर कोर्स पूरा किए दिसंबर में एग्जाम कैसे आयोजित की गई? न्यूनतम 90 दिन की पढ़ाई होने के बाद ही परीक्षा आयोजित की जा सकती है। छुट्टियों को हटाकर 90 दिन का समय एक सेमेस्टर का कोर्स पूरा करने के लिए दिया जाता है। उसके बाद 15 दिन रिवीजन के लिए देना होते हैं। इधर, लॉ और बीएड कोर्स में भी यही हाल रहा है। इसमें भी छात्रों ने जनवरी में ही एग्जाम करवाने की मांग उठाई, ताकि उन्हें भी एग्जाम की तैयारी के लिए समय मिल सके।

पिछले हफ्ते दालों के भाव घटने के बाद बाजार ठंडे

दीपावली से पहले खरीदी पर असर : थोक बाजार में काउंटर ग्राहकी का इंतजार

इंदौर। दालों के थोक बाजार में पिछले दिनों तुवर दाल में जहां ऊंचे बाजार में तुवर दाल के भाव 150 रुपये किलो से 155 रुपए के आसपास पहुंच गए थे। जबकि उड़द दाल, मूंगदाल और मोगर में भी नवरात्रि दशहरे के समय जबरदस्त तेजी के बाद अब बाजार सुधरने लगे है। जिसके अंतर्गत जहां तुवर दाल में पिछले दिनों 400 से 500 रु.. क्विंटल तो मूंगदाल और मोगर में भी 300 से 400 रुपये क्विंटल रुपए तक बाजार घटाए गए थे। इसके अलावा उड़द दाल और मोगर में भी 300 से 400 रुपए क्विंटल तक भाव घटाए गए। इसके बावजूद अभी भी तुवर दाल थोक बाजार में डेढ़ सौ रुपए किलो बिक रही है। इधर मूंग दाल अभी भी 1000 से 10500 रुपए क्विंटल के आसपास बिक रही है।

चनादाल में 200 से 300 रुपए क्विंटल की तेजी... जबकि इधर,चनादाल और बेसन की दीपावली मिठाई और नमकीन के लिए जबरदस्त डिमांड होने से बाजार बढ़ाए गए है। चना दाल में पिछले दिनों 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव बढ़ाए गए है। जिसके बावजूद चना दाल और बेसन की लगातार डिमांड बनी हुई है।

दिवाली मिठाई में बेसन चक्की का अलग महत्व - गौरतलब है कि दिवाली की मिठाई में बेसन चक्की का अलग ही महत्व है। सबसे ज्यादा बेसन की चक्की बनती है जो जल्दी खराब भी नहीं होती है इसलिए देने लेने के लिए बेसन चक्की मिठाई की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। साथ ही घरों में भी लोग सबसे ज्यादा बेसन की चक्की बनाते हैं। इसके कारण दूसरी दालों से ज्यादा अभी चना दाल की सबसे ज्यादा डिमांड बाजार में बनी हुई है। इधर अब इस हफ्ते में दिवाली से तीन चार दिन पहले अब व्यापारियों को बाजार में 200 से 300 बढ़ते ही दीपावली से पहले बाजार चलने से दीपावली के हिसाब से जबरदस्त ग्राहकी की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले दिनों नवरात्रि और दशहरे के समय तूवरदाल मूंग दाल और उड़द दाल चना दाल के साथ उड़द और मूंग मोगर में तेजी के बावजूद जबरदस्त डिमांड थी। बाजार बढ़ने के बावजूद काउंटर ग्राहकी होने से थोक बाजार में भी दालों की मांग त्योहारों के समय लगातार बनी रही। वहीं अब व्यापारियों को दिवाली पर जोरदार ग्राहकी की उम्मीद बनी हुई है। जो आने वाले एक दो दिनों में दिखेगी। क्योंकि लोगों को अब जैसे जैसे सैलरी मिलेंगी बाजार में दिवाली की खरीदी शुरू हो जाएगी। जिसका असर काउंटर ग्राहकी के रूप में बाजार में नजर आएगा।

भोपाल में धार भाजपा की बड़ी हलचल, सीएम और प्रदेश अध्यक्ष से मिले जिले के दिग्गज...

सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि धार

● नितिन राठौर

राजधानी भोपाल में धार जिले की राजनीति को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल बैठक संपन्न हुई। धार जिले के विकास, लंबित प्रशासनिक स्वीकृतियों और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर जिले के तमाम दिग्गज नेताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश संगठन के प्रमुख हेमंत खंडेलवाल और राज्यपाल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान जिले के विकास का रोडमैप तैयार करने पर गहन चर्चा हुई, वही सूत्र बताते हैं कि इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत नवनिर्मित धार-टीही (पीथमपुर) रेलखंड का काम लगभग पूरा हो चुका है। इंदौर-धार जैसे बड़े अंचल को मिलने वाली सौगात के उद्घाटन कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए





भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगूभाई पटेल और प्रदेश अध्यक्ष को आमंत्रित करने के लिए मुलाकात की है। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा नगर जिला अध्यक्ष महंत नीलेश भारती, विधायक कालूसिंह ठाकुर और वरिष्ठ नेता जयदीप पटेल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मुलाक़ात को धार जिले के विकास और आगामी रणनीतियों के दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है,लेकिन इस पूरी बड़ी बैठक के दौरान एक ऐसी घटना घटी, जिसने विकास की चर्चाओं से ज्यादा सियासी गलियारों में सुर्खियां बटोर ली हैं,जिले के इस सबसे बड़े राजनीतिक जमावड़े में धार ग्रामीण भाजपा के जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार की अनुपस्थिति ने सबको चौंका दिया। जैसे ही बैठक की तस्वीरें और जानकारी सामने आई, वैसे ही यह बात आग की तरह फैल गई कि जिले के इतने बड़े आयोजन से ग्रामीण जिलाध्यक्ष नदारद रहे भाजपा के भीतर और बाहर अब इस अनुपस्थिति को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। धार जिला भौगोलिक रूप से एक बहुत बड़ा जिला है, जिसका अधिकांश हिस्सा ग्रामीण, किसान बाहुल्य और आदिवासी मतदाताओं से जुड़ा हुआ है। सांगठनिक दृष्टि से धार को नगर और ग्रामीण दो भागों में बांटा गया है, नगर अध्यक्ष महंत नीलेश भारती बैठक में पूरी सक्रियता के साथ मौजूद थे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले चंचल पाटीदार की गैर-मौजूदगी से कई सवाल खड़े हो गए हैं। कार्यकर्ताओं के बीच दबी जुबान में चर्चा है कि क्या ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को रखने में कोई आपसी मतभेद आड़े आ रहा है।

ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय...

इस हाई-प्रोफाइल बैठक से दूरी ने धार भाजपा के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान, गुटबाजी और शीर्ष नेताओं के बीच आपसी समन्वय की कमी को एक बार फिर उजागर कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के सामने जिले का कोई भी बड़ा नेता बिना किसी ठोस वजह के अनुपस्थित नहीं रह सकता, यदि यह अनुपस्थिति जानबूझकर थी, तो यह आने वाले दिनों में धार भाजपा संगठन में किसी बड़े बदलाव या असंतोष का संकेत हो सकती है। फिलहाल, विकास के दावों के बीच चंचल पाटीदार की यह खामोश अनुपस्थिति धार से लेकर भोपाल तक के सियासी मंचों पर सबसे बड़ा सस्पेंस बन चुकी है।

संपादकीय

'वोट देना बेहद महत्त्वपूर्ण अधिकार, इसे इतनी आसानी से नहीं छीना जा सकता' वंचित होने पर जवाबदेही किसकी

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांचों राज्यों में एसआइआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाताओं की संख्या में 13.24 फीसद तक की कमी आई है। पुनरीक्षण से पहले इन पांचों राज्यों में मतदाताओं की संख्या लगभग 18.71 करोड़ थी, जो अब घटकर 16.43 करोड़ रह गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से देश के अलग-अलग राज्यों में शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एसआइआर का घोषित मकसद यही है कि वैसे सभी लोगों को सूची से हटाया जाए, जो निर्धारित कसौटियों को पूरा नहीं करते हैं। जाहिर है, आयोग की इस सदिच्छा से किसी को भी असहमति नहीं होगी। मगर इस क्रम में लगभग सभी राज्यों से जिस तरह विसंगतियां सामने आई हैं, उसके मद्देनजर कई मायनों में समूची एसआइआर की कवायद ही सवालों के घेरे में दिखती है। लाखों वैसे लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जो एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान किसी वजह से आयोग की ओर से निर्धारित कसौटियों को पूरा नहीं कर सके या फिर उनके दस्तावेजों में कोई त्रुटि थी। स्वाभाविक ही बड़ी संख्या में मतदाताओं के बाहर होने के संदर्भ में विपक्षी दलों ने एसआइआर अभियान से विपरीत नतीजे सामने आने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांचों राज्यों में एसआइआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाताओं की संख्या में 13.24 फीसद तक की कमी आई है। पुनरीक्षण से पहले इन पांचों राज्यों में मतदाताओं की संख्या लगभग 18.71 करोड़ थी, जो अब घटकर 16.43 करोड़ रह गई है। इस तरह करीब 2.29 करोड़ लोगों को मतदाता सूची में शामिल होने के अपात्र घोषित किया गया। इनमें लगभग नब्बे फीसद मतदाता अकेले उत्तर प्रदेश के थे। सवाल है कि इतनी बड़ी संख्या में वैसे लोग सूची में कैसे मौजूद थे, जिन्हें अपात्र घोषित किया गया। संभव है कि निर्धारित कसौटियों को पूरा न कर पाने की वजह से ऐसा हुआ हो। यह भी तथ्य है कि दूसरे कई राज्यों में भी इसी तरह लाखों लोग मतदाता सूची से बाहर हुए और इस मसले पर अब भी विवाद जारी है। मगर पश्चिम बंगाल में एसआइआर में जितने लोगों को सूची से बाहर किया गया, उस पर राजनीतिक दलों की ओर से सवाल उठाए जाने पर जब अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करके दावों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू हुई, तो जमा किए गए आवेदनों में नब्बे फीसद से ज्यादा लोगों को वैध मतदाता पाया गया और उनका नाम फिर से सूची में बहाल कर दिया गया। ऐसे में यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अगर दूसरे राज्यों में भी अपीलीय न्यायाधिकरण के जरिए दावों के निपटारे की व्यवस्था की जाती, तो शायद बहुत सारे वैसे लोगों को मतदाता सूची में फिर से जगह मिलती, जिन्हें एसआइआर में बाहर कर दिया गया। इसके अलावा, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्म 6 के जरिए नया आवेदन देकर मतदाता सूची में दोबारा शामिल किए जाने के प्रयासों पर भी नाराजगी जताई थी। शीर्ष अदालत ने यह पूछा था कि अगर कोई पहले से ही मतदाता रहा है, तो फॉर्म 6 भरवाकर उसे नए वोटर के रूप में क्यों जोड़ा जा रहा है। ऐसा लगता है कि सूची में केवल पात्र मतदाताओं को ही जगह देने के इस अभियान में वैसे लोगों को भी मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया, जो वास्तव में वैध वोटर थे। सवाल है कि अगर आयोग की प्रक्रियागत खामियों की वजह से बड़ी संख्या में लोग अपना वोट देने के हक से वंचित रह गए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। यह स्थिति तब है, जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा था कि वोट देना बेहद महत्त्वपूर्ण अधिकार है और इसे इतनी आसानी से नहीं छीना जा सकता।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
141200	139550
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
181400	178200

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

रिंग रोड पर तेज रफ्तार दो पहिया वाहन ने मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

जीजा की शिकायत पर केस दर्ज

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक मामला सामने आया है। श्री बालाजी अस्पताल के सामने गलत दिशा से ओवरटेक कर रहे एक दो पहिया वाहन चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में गंभीर चोट लगने से एक युवक की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना 1 नवंबर की रात आजाद नगर थाना क्षेत्र में स्थित श्री बालाजी अस्पताल के सामने रिंग रोड पर हुई। मामले की रिपोर्ट फरियादी अब्दुल आहद पिता मकबुल अहमद अंसारी, निवासी सदरबाग, खजराना ने दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि घटना के वक्त वह और उनके साले अलग-अलग दो पहिया वाहनों से जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे दो पहिया वाहन एमपी 09-क्यू एक्स 7430 के चालक ने बेहद लापरवाही और तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए फरियादी को कट मारा और आगे निकल गया। इसके तुरंत बाद, आरोपी चालक ने आगे चल रहे फरियादी के साले की मोटरसाइकिल को गलत दिशा से ओवरटेक करने की खतरनाक कोशिश की। इस दौरान आरोपी की गाड़ी अनियंत्रित होकर बहक गई और उसने पीछे से फरियादी के साले की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साले की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई।इस सड़क हादसे में मृतक मोहम्मद माजिद (38) को सिर, पैर और शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सरकारी अतिक्रमण हटाने की रंजिश में भाइयों पर हमला

पिता और दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज


इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम जंबूडी हप्सी में सरकारी अतिक्रमण हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी पिता और उसके दो बेटों ने फरियादी व उसके छोटे भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना फरियादी के ग्राम जंबूडी हप्सी स्थित खेत पर हुई। मामले की शिकायत फरियादी गणेश पिता ओमप्रकाश पाठक, निवासी कालानी नगर ने दर्ज कराई है।

फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह और उनका छोटा भाई अक्षय पाठक खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के सरदार सिंह अपने दो बेटों तेजकरण और महेश के साथ वहां पहुंचे और आरोप लगाने लगे कि तुम लोगों ने जानबूझकर हमारा अतिक्रमण हटवाया है।इस पर फरियादी गणेश ने सफाई दी कि मेरी खुद की जमीन में से भी सरकारी अतिक्रमण हटाया गया है। इसी बात से नाराज होकर तीनों आरोपी फरियादी और उनके छोटे भाई अक्षय को गालियां देने लगे। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी सरदार सिंह ने अक्षय के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

बिना लाइसेंस पटाखे बेच रहे दो दुकानदारों पर केस दर्ज, 1.5 लाख का माल जब्त

इंदौर। त्योहारों के सीजन में सुरक्षा की दृष्टि से सघन चेकिंग अभियान और जनजागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं, ताकि आमजन सुरक्षित तरीके से त्योहार मना सकें। इसी अभियान के तहत बाणगंगा पुलिस ने नंदबाग एवं कुशवाहा नगर क्षेत्र की विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया, जहां दो दुकानों पर बिना लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखों का विक्रय किया जा रहा था। प्रशासन ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के पटाखे जब्त कर लिए हैं।



निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने नंदबाग और कुशवाहा नगर स्थित कई दुकानों की जांच की। इस दौरान दो अलग-अलग दुकानों पर बिना वैध लाइसेंस के पटाखे बेचे जाने का मामला पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध पटाखे जब्त किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 1.5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस अवैध कारोबार में संलिप्त दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी राम यादव पिता जगदीश यादव और संदीप प्रजापति पिता विजेंद्र प्रजापति निवासी नंदबाग के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

चोरी की दो वारदातें...नौकरानी पर मंगलसूत्र चुराने की आशंका वहीं सूने मकान के ताले तोड़कर जेवर-नकदी ले उड़े चोर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। कनाड़िया और तिलक नगर थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं।एक मामले में घर की साफ-सफाई करने आई पूर्व नौकरानी और उसकी बहन पर सोने का मंगलसूत्र चुराने का संदेह जताया गया है, जबकि दूसरी घटना में अज्ञात बदमाश सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के महंगे आभूषण और हजारों रुपये की नकदी समेट ले गए।पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना स्थित कास्मोस सिटी में रहने वाली नमिता शर्मा के घर चोरी की वारदात हुई। करवाचौथ और दिवाली की साफ-सफाई के लिए पूर्व नौकरानी खुशबू अपनी बहन सावरी के साथ घर आई थी। काम के बाद जब मालकिन ने अलमारी से अपना सोने का मंगलसूत्र निकाला, तो वह गायब मिला। पीड़िता ने दोनों बहनों पर चोरी की आशंका जताई है। वहीं तिलक नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आई.डी.ए. मल्टी स्कीम नंबर 140 में रहने वाली काजल कुंवर के मकान को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। सूने मकान का ताला तोड़कर चोर घर से सोने का नेकलेस, कान की झुमकी, मांग का टीका, बाजूबंद, चांदी का कंदोरा और 20,000 रुपये नकद चुराकर ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश में जुटी है।

शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करने पर नंदोई ने महिला पर फावड़े से किया हमला

इंदौर। राऊ थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में आपसी विवाद के चलते एक शराबी नन्दोई और उसके बच्चों ने मिलकर महिला के साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव के दौरान आरोपियों ने महिला पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे उसकी आंख के पास गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना राऊ थाना क्षेत्र के नेहरू नगर की है। फरियादी संगीता पति कैलाश राठौर, निवासी नेहरू नगर, राऊ ने पुलिस को बताया कि उनका नन्दोई मन्नु चौहान शराब के नशे में घर आया और गालियां देने लगा। जब संगीता ने उसे गालियां देने से मना किया, तो आरोपी मन्नु ने गुस्से में आकर पास रखे फावड़े से उनपर वार कर दिया, जिससे उनकी दाहिनी आंख के पास गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा।?इस दौरान आरोपी नन्दोई के बच्चे लक्ष्मी और कृष्णा भी वहां आ गए और उन्होंने संगीता के साथ हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट की। राऊ पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी मन्नु, लक्ष्मी और कृष्णा सभी निवासी नेहरू नगर, राऊ के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। तुकोगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रुस्तम का बगीचा इलाके में एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या के मामले में जांच के दौरान खुलासा हुआ कि मृतिका को उसके पति द्वारा दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने मृतिका के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गत 19 अक्टूबर को तुकोगंज थाना क्षेत्र के रुस्तम का बगीचा इलाके में हुई। मृतका अंजू उर्फ अंजलि निवासी रुस्तम का बगीचा ने प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच के दौरान सामने आया कि मृतिका के पति मयंक पिता धर्मेंद्र, निवासी रुस्तम का बगीचा द्वारा मृतिका अंजू उर्फ अंजलि को शादी के बाद से ही लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपी पति उसे शारीरिक और मानसिक रूप से गंभीर यातनाएं देता था, जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। तुकोगंज थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति मयंक के खिलाफ मृतिका को आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताड़ना की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

एआई से कृषि विभाग और अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने वाले पर केस दर्ज

इंदौर। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में एआई तकनीक का दुरुपयोग कर शासकीय कार्यालय, अधिकारियों और राष्ट्रीय प्रतीकों के संबंध में भ्रामक व मानहानिकारक वीडियो बनाने और प्रसारित करने का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने कृषि विभाग के अधिकारी की शिकायत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सक्रिय 'कृषि क्रांति' पेज के अज्ञात उपयोगकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला पंढरीनाथ थाना क्षेत्र स्थित नए कलेक्ट्रेट कार्यालय का है। मामले की शिकायत संदीप कुमार यादव निवासी ज्ञान सागर अपार्टमेंट, संचार नगर एक्सटेंशन द्वारा दर्ज कराई गई है। फरियादी वर्तमान में उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग कलेक्ट्रेट कार्यालय के पद पर कार्यरत हैं।फरियादी ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक पर संचालित होने वाले 'कृषि क्रांति' पेज के उपयोगकर्ता द्वारा एआई तकनीक का घोर दुरुपयोग किया गया है। आरोपी ने एआई टूल्स की मदद से फर्जी, आपत्तिजनक और मानहानिकारक वीडियो तैयार किए। इन वीडियो में प्रार्थी संदीप कुमार यादव सहित अन्य शासकीय कर्मचारियों, शासकीय कार्यालयों, उनकी कार्यप्रणाली और यहां तक कि राष्ट्रीय प्रतीकों को भी बेहद आपत्तिजनक और भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इन वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर विभाग और अधिकारियों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। शिकायत मिलने के बाद पंढरीनाथ थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। पुलिस ने आरोपी सोशल मीडिया पेज कृषि क्रांति के अज्ञात संचालक के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। साइबर सेल की मदद से पेज चलाने वाले मुख्य आरोपी की तकनीकी छानबीन की जा रही है ताकि जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जा सके।

परिवहन ई-चालान की फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल हैक किया

बैंक खातों से 73 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी

इंदौर। महू थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात शातिर ठग ने फरियादी के मोबाइल नंबर पर फर्जी ई-चालान की लिंक भेजकर न सिर्फ उनका फोन हैक कर लिया, बल्कि बैंक खातों से हजारों रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना महू थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई है। मामले की शिकायत नितिन पिता प्रदीप बौरासी, निवासी गिरनार सिटी-1, महू द्वारा दर्ज कराई गई है। फरियादी नितिन ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर परिवहन विभाग के नाम से फर्जी ई-चालान की एक लिंक भेजी गई थी। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद शातिर ठगों ने उनके बैंक खातों का एक्सेस हासिल कर लिया और खातों से कुल 73 हजार रुपये निकालकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। खाते से अचानक रकम कटने का पता चलते ही पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। महू थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से बैंक खातों और आईपी एड्रेस की जानकारी जुटाकर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।



दीपावली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शहरभर में पुलिस का मैदानी मोर्चा

पटाखा बाजार से लेकर सराफा तक दिए कड़े निर्देश

इंदौर। त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंदौर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। डीसीपी जोन-04 के निर्देशन में अन्नपूर्णा, जूनी इंदौर, सराफा और छत्रीपुरा थाना पुलिस की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों और आमजन को सुरक्षा संबंधी कड़े दिशा-निर्देश दिए गए।

अन्नपूर्णा पुलिस ने दशहरा मैदान स्थित पटाखा बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र, पानी और रेत की बाल्टियां अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करने और आपातकालीन मार्ग खाली रखने की हिदायत दी। वहीं, जूनी इंदौर पुलिस ने मुख्य बाजारों में पैदल गश्त कर दुकानदारों को गोदामों में ज्वलनशील सामग्री का असुरक्षित भंडारण न करने की सलाह दी।

राजवाड़ा और सराफा बाजार में नो-अतिक्रमण व सीसीटीवी पर जोर- त्योहारों पर उमड़ने वाली भीड़ के दृष्टिगत एसीपी सराफा यश बिजोरिया ने राजवाड़ा और सराफा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सर्राफा व्यवसायियों को दुकानों के सीसीटीवी सर्विलांस सक्रिय रखने और पैदल राहगीरों की सुविधा के लिए अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए।

थाना छत्रीपुरा पुलिस ने वेल्डिंग, फल विक्रेताओं और हार्डवेयर दुकानदारों से संवाद कर बच्चों के लिए जानलेवा साबित होने वाली 'कार्बाइड गन' की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की समझाइश दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बच्चों को कार्बाइड न बेचा जाए और कहीं भी कार्बाइड गन बनते या बिकते दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए।

होटल के पास लघुशंका के विवाद में कार सवार युवकों पर पाइप और ब्लॉक से हमला

इंदौर। गांधीनगर थाना क्षेत्र में होटल के पास लघुशंका करने की बात को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने कार सवार दो युवकों पर लात-घूंसों, प्लास्टिक के पाइप और ब्लॉक से जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर एक महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, यह वारदात दिलीप नगर स्थित गुरु कृपा होटल के पास हुई। मामले की शिकायत राहुल पिता राजेश राठौर, निवासी परशुराम मार्ग, गांधीनगर ने दर्ज कराई है। फरियादी राहुल ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से जा रहे थे और रास्ते में लघुशंका के लिए उन्होंने गुरु कृपा होटल के पास गाड़ी रोकी थी। इसी बात पर आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। जब राहुल ने उन्हें अभद्रता करने से रोका, तो विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने प्लास्टिक के पाइप से हमला कर दिया, जबकि साथ आई एक महिला ने सिर पर ब्लॉक से वार कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। हंगामा और शोर सुनकर जब राहुल का साथी कुलदीप राठौर बीच-बचाव करने उतरा, तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी।गांधीनगर थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी रवि राठौर, पूनमचंद राठौर दोनों निवासी दिलीप नगर, एक महिला और अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

कार का कांच तोड़कर डेढ़ लाख से अधिक के जेवर और नकदी उड़ा ले गए चोर

इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में वाहन का कांच तोड़कर चोरी करने की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने द्रोणाचार्य जिम के पास खड़ी कार का कांच तोड़कर उसमें रखा पर्स चोरी कर लिया, जिसमें 1लाख 20 हजार की नकदी और सोने के पुराने इस्तेमाल किए हुए जेवर रखे थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रणजीत हनुमान रोड स्थित द्रोणाचार्य जिम के नीचे हुई। मामले की शिकायत संध्या पति अमित शर्मा, निवासी सेक्टर-बी, स्कीम नंबर 71 द्वारा दर्ज कराई गई है।फरियादी संध्या ने पुलिस को बताया कि उनकी गाड़ी रणजीत हनुमान रोड पर द्रोणाचार्य जिम के नीचे खड़ी हुई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर उनकी कार का कांच तोड़ दिया और अंदर रखा हुआ पर्स चुराकर फरार हो गया। चोरी गए पर्स में एक लाख बीस हजार रुपये नकद और सोने के पुराने इस्तेमाली कुछ आभूषण आर्टिकल रखे हुए थे। कुल मिलाकर मश्रुका की कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही अन्नपूर्णा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला पंजीबद्ध कर लिया है और बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

पटेल स्टैच्यू के आसपास बनेगा बगीचा

इंदौर। सरदार वल्लभभाई पटेल स्टैच्यू के पास अब आने वाले दिनों में बहुत जल्द एक शानदार बगीचा बनेगा। जिसको लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है। वही पटेल स्टैच्यू की लंबी - चौड़ी सालों पुरानी बड़ी गोल रोटरी तोड़कर पहले से छोटी करके चारों ओर आकर्षक लोहे की मजबूत जालियां भी लगा दी गई है। जिससे अब खूबसूरती नजर आ रही है। वहीं यहां से गुजरने वाले सैकड़ो वाहन चालकों को अब ट्रैफिक में बड़ी गोल रोटरी बाधक भी नहीं बन रही है। साथ ही अब आने वाले दिनों में पटेल प्रतिमा के आसपास आमजन के लिए शानदार बगीचे का निर्माण भी किया जा रहा है। जिसकी सुविधा लोगों को आने वाले दिनों बेहद जल्द अगले एक से डेढ़ माह में मिलेगी।

गौरतलब है कि पटेल प्रतिमा के आसपास लंबे समय से सौंदर्य करण के कार्य किए जा रहे थे। साथ ही पटेल स्टैच्यू के आसपास बने बगीचे को संवारकर इस बगीचे में पेड़ पौधे लगाकर लोगों के लिए आकर्षक वाकिंग ट्रेक बनाया जा रहा है। साथ ही हरियाली के लिए पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा रात में भी लोग यहां बैठ सके इसके लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिसको लेकर तैयारियां तेज हो गई है। साथ ही यहां बरसों पुरानी ट्रैफिक में बाधक पुरानी रोटरी तोड़कर अब आकर्षक छोटी रोटरी बनाकर उस पर जालियां भी लगाई गई है। इसके अलावा अब पेड़ पौधे लगाकर शानदार वॉकिंग भी बनाया जा रहा है ताकि लोग यहां सुबह शाम घूम भी सकेंगे।

PUBLIC NOTICE

The general public is hereby informed that AJAY KUMAR JHARBADE, Proprietor of **M/S DREAM WEALTH RESEARCH FINANCIAL SERVICES,** holding SEBI Research Analyst Registration No. INH000016083 and BSE RA Enlistment No. 6144, is surrendering his SEBI Registration."?If any client or member of the public has any claims or grievances against the aforesaid proprietor/entity, they may lodge their grievances on the SEBI SCORES portal at scores.sebi.gov.in or submit them in writing to the proprietor at the address/email mentioned below within 30 days from the date of publication of this notice. No claims will be entertained after the expiry of the stipulated period.

AJAY KUMAR JHARBADE
(Proprietor, Dream Wealth Research Financial Services)
Office Address: 419, onam plaza, indore
Email: ra.ajayjharbade@gmail.com Contact: 99939 08076

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती राधा शेखर कैथवास पति श्री शेखर कैथवास** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-591 इन्फो सिटी अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001008660 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती स्मिता जाधव पति श्री मुकेश जाधव** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-63 पैकि उत्तर दिशा भाग तिरुपति पैलेस कालोनी, निपानिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 2000142776 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

न्यूज इन बॉक्स

राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश बालक टीम ने कांस्य पदक जीता



इंदौर। महाराष्ट्र सॉफ्टबॉल संघ एवं भारतीय सॉफ्टबॉल संघ द्वारा आयोजित 9वीं मिनी अंडर 13 राष्ट्रीय बालक एवं बालिका सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का समापन शिर्डी में हुआ । जिसमें मध्यप्रदेश बालक टीम ने इस स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के मुकाबले में मध्यप्रदेश ने आंध्रप्रदेश को 5-3 से हराया , तेलंगाना को 8-5 से हराया , केरल को 5-2 से हराया , महाराष्ट्र से कड़े मुकाबले में मध्यप्रदेश को 9-8 से हार का सामना करना पड़ा और कांस्य पदक अर्जित किया। स्पर्धा में बालक वर्ग में कार्तिक मांजरेकर , शेखर ने शानदार प्रदर्शन किया । टीम के कोच प्रवीण दवे एवं राहुल ठाकुर थे। इस अवसर पर डॉ प्रवीण अनावकर, राकेश मिश्रा , राजकुमार सहगल , चंद्रकांत संगोले, समीर गुप्ते, प्रदीप नरूलकर, विनोद रूनवाल , सविता पारखे, विक्रांत आखरे,, प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया , राहुल ठाकुर ने बधाई दी।

अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले



इंदौर। मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 2 एवं 3 नवंबर को होलकर साइंस कॉलेज के वॉलीबॉल खेल मैदान पर किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में श्री गुजराती प्रोफेशनल महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि होलकर साइंस कॉलेज की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबला गुजराती प्रोफेशनल महाविद्यालय एवं होलकर साइंस कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें गुजराती प्रोफेशनल महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, बेहतर तालमेल एवं टीम भावना का परिचय देते हुए जीत हासिल की और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता की आयोजन व्यवस्था में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर, प्रशासनिक अधिकारी एस.एस. ठाकुर एवं प्रशासनिक अधिकारी संजय प्रसाद का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अर्शदीप ने दिलाई शुरुआती दो सफलता

न्यूजीलैंड ने 2 विकेट जल्द खोए

सिराज, कुलदीप यादव का पत्ता कटा, पहले वनडे में युवा गेंदबाजों पर भरोसा



नई दिल्ली। टी20 सीरीज में 3-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की वनडे सीरीज में भिड़ रही है। ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले जा रहे पहले वनडे मुकाबले में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। ईडन पार्क में छाए बादलों और ओवरकास्ट परिस्थितियों को देखते हुए भा**रतीय टीम मैनेजमेंट ने टॉस जीतकर लक्ष्य का पीछा करने की रणनीति अपनाई है।**

विल यंग की पारी का अंत– आकिब नबी की गेंद पर नमन धीन ने टिम सीफर्ट को चौथे ओवर में जीवनदान दे दिया । लेकिन 5वें ओवर में श्रेयस अय्यर ने गलती नहीं की । अर्शदीप सिंह की खिलाफ विल यंग चूक गए और श्रेयस ने हवा में ऊंची गई गेंद को आसानी से लपक लिया। उन्होंने 9 रनों की पारी खेली। समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर में 50 रन पर एक विकेट था ।

टीम इंडिया में 4 फास्ट बॉलर– इस मुकाबले में भारतीय टीम के कॉम्बिनेशन को लेकर काफी हैरान करने वाले फैसले देखने को मिले हैं। टीम मैनेजमेंट ने ऑकलैंड की तेज परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए प्लेइंग इलेवन में चार प्रमुख तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारा है। पेस अटैक की कमान अर्शदीप सिंह संभाल रहे हैं, जबकि उनका साथ देने के लिए अनशुल कंबोज, आकिब नबी और गुरनूर ब्रार को टीम में शामिल किया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इस मैच की प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई है।

कुलदीप यादव भी रहेंगे बाहर– स्पिन विभाग की बात करें तो भारतीय टीम बिना किसी विशेषज्ञ स्पिनर के मैदान में उतरी है। प्रमुख चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया है। टीम में स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर के रूप में केवल अक्षर पटेल को शामिल किया गया है जबकि जरूरत पड़ने पर पार्ट-टाइम स्पिन गेंदबाजी के विकल्प के तौर पर ऑलराउंडर नमन धीर मौजूद रहेंगे। टीम का यह कॉम्बिनेशन पूरी तरह से ईडन पार्क की हरी और तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाने वाली पिच को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

जिला कराते प्रतियोगिता में सफलता

इंदौर। 22वीं इंदौर जिला रेनबुकान कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें आदर्श बौद्धिक स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने अपने इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल कर अकादमी एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में संयोगिता चौहान ने काता इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं कृष्ण केरालेकर ने काता एवं कुमिते दोनों इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर आदर्श बौद्धिक हाई सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर आशीष जैन एवं प्राचार्य सारिका जैन ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेलों में निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत से सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।

फुटबॉल प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों ने लिया हिस्सा



इंदौर। द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, कैंपस-2 में आयोजित सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स क्लस्टर-2 की अंडर-19 बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप में 16 विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।

फाइनल मुकाबला इंदौर पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर एवं राजेश्वर स्कूल, महू के बीच खेला गया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। वहीं, दूसरे हाफ में इंदौर पब्लिक स्कूल ने शानदार आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पांच गोलों की बढ़त के साथ एकतरफा जीत दर्ज की और सहोदया क्लस्टर-2 फुटबॉल चैंपियनशिप का विजेता खिताब अपने नाम किया। राजेश्वर स्कूल, महू उपविजेता रहा।

समापन अवसर पर द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, कैंपस-2 की प्राचार्या रेनू गुर्नानी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। फुटबॉल कोच विनोद फालक ने भी दोनों टीमों को बधाई दी।

यूथ ओलंपिक में भारत को तीसरा मेडल

राजकुमारी लंचेनबी चानू का वुशु में ऐतिहासिक कारनामा



डकार (सेनेगल)। भारतीय वुशु खिलाड़ी राजकुमारी लंचेनबी चानू ने यहां यूथ ओलंपिक 2026 की महिला चांगक्वान संयुक्त स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। वह वुशु में इस प्रतियोगिता का पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। मणिपुर की रहने वाली चानू ने कुल 18.039 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस इवेंट में मिस्र की सोंडोस सोनबोल ने 18.660 अंक के साथ गोल्ड जबकि वेनेजुएला की वालेरिया फ्रैनरीस डुडामेल ने 18.199 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीता। भारतीय खिलाड़ी ने चांगक्वान स्पर्धा में 9.316 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि गुनशु स्पर्धा में 8.723 अंक के साथ वह तीसरे स्थान पर रहीं। डकार युवा ओलंपिक में भारत अब तक एक रजत और दो ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। इससे पहले सोमवार को युवा खिलाड़ी खुशबू राजकभाई ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना अभियान समाप्त किया था।

विराट कोहली का मैसेज पाकर हैरान रह गए थे हैरी केन, बैलेन डी ओर विनर ने किया खुलासा



नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने कहा है कि बैलेन डी ओर मिलने के बाद उन्हें विराट कोहली ने बधाई दी थी। कोहली का मैसेज मिलने पर उन्हें काफी हैरानी हुई थी। इसके साथ ही गर्व भी महसूस हुआ था। उन्होंने कोहली के अलावा इंग्लैंड के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी डेविड बेकहम और टॉम ब्रैडी का भी नाम लिया। इन हस्तियों के मैसेज मिलने पर उन्हें काफी खास महसूस हुआ था।

हैरी केन ने बताया कि 2026 का बैलेन डी ओर पुरस्कार जीतने के बाद उन्हें कई बड़े खिलाड़ियों और मशहूर हस्तियों ने बधाई देते हुए मैसेज किया। इनमें विराट कोहली का नाम भी शामिल था। केन ने बताया कि कोहली उन खिलाड़ियों में से हैं, जिनकी वह काफी इज्जत करते हैं और जिनका मैसेज मिलना उनके लिए खास रहा।

विराट कोहली के मैसेज पर क्या बोले हैरी केन?– हैरी केन से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा गया कि बैलेन डी ओर जीतने के बाद उन्हें जिन लोगों के मैसेज आए थे, उनमें से किसके मैसेज पर उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी और खुशी हुई थी। इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे कई ऐसे लोगों के मैसेज मिले, जिन्हें मैं बहुत मानता हूं। डेविड बेकहम, जो मेरे बड़े आदर्श रहे हैं, टॉम ब्रैडी और विराट कोहली जैसे कई खेल जगत के लोग हैं, जिनकी मैं बहुत तारीफ करता हूं।'

एड शीरन ने भी दी बधाई– हैरी केन ने बताया कि सिंगर एड शीरन ने भी उन्हें बधाई दी। केन ने सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद से कहीं ज्यादा लोगों के मैसेज मिले। वह इस बात से भी हैरान थे कि इतने सारे लोग उन्हें यह पुरस्कार जीतते हुए देखना चाहते थे।

विराट कोहली ने खास अंदाज में दी थी बधाई– हैरी केन के बैलेन डी ओर जीतने के बाद विराट कोहली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके लिए एक भावुक पोस्ट लिखा था। कोहली ने अपने मैसेज अपने दोस्त केन की मेहनत, संघर्ष और ईमानदारी की तारीफ की थी। उन्होंने लिखा था कि केन इस अवॉर्ड के पूरी तरह हकदार हैं। कोहली ने उनके परिवार को भी बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। विराट के इस मैसेज पर अब हैरी केन की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कोहली का नाम उन खेल हस्तियों में शामिल किया, जिनसे उन्हें बधाई मिलना बेहद खास लगा।

2016 से है विराट और केन की दोस्ती– विराट कोहली और हैरी केन के बीच दोस्ती काफी पुरानी है। साल 2016 टी20 विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली ने मोहाली में नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली थी। उनकी इस पारी से प्रभावित होकर हैरी केन ने सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ की थी।

दिवाली से ठीक पहले लोकायुक्त की धमाकेदार कार्रवाई

नालछा सोसायटी प्रबंधक के ठिकानों पर छापा, करोड़ों की आय से अधिक संपत्ति का खुलासा





इंदौर/धार ● सिटी ब्लास्ट।

त्योहारों के माहौल के बीच इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ा धमाका किया है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के नेतृत्व में टीम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नालछा (जिला धार) के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के ठिकानों पर एक साथ सर्च और छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी प्रबंधक के खिलाफ अपनी वैध आय से 271 प्रतिशत से भी अधिक की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के पुख्ता प्रमाण मिले हैं।

लोकायुक्त को गोपनीय सूत्रों से शिकायत मिली थी कि आरोपी शेरसिंह ठाकुर निवासी सोडपुर नालछा, जिला धार ने अपने लगभग 20 वर्षों के सेवाकाल के दौरान पद का दुरुपयोग कर अकूत अवैध संपत्ति बनाई है। जांच में सामने आया कि आरोपी को पूरे सेवाकाल में कुल अनुमानित वेतन लगभग 65 लाख रुपये प्राप्त हुआ, जबकि उसके द्वारा अचल और चल संपत्तियों पर अनुमानित 2 करोड़ 41 लाख 45 हजार रुपये व्यय किए गए हैं। यह उसकी वैध आय की तुलना में 271.46 प्रतिशत अधिक है।

सोडपुर, नालछा और मांडव के ठिकानों पर एक साथ छापे

लोकायुक्त की तीन अलग-अलग टीमों ने आरोपी प्रबंधक के ग्राम सोडपुर, नालछा और मांडव स्थित ठिकानों पर तड़के एक साथ दबिश दी। छापेमार कार्रवाई के दौरान आरोपी द्वारा ग्राम सोडपुर में 0.1520 हेक्टेयर के बेनामी भूखंड पर करीब 97 लाख रुपये खर्च कर बनाया गया 2400 वर्ग फीट का दो मंजिला भव्य भवन सामने आया है। इसके अलावा उसने नालछा में मांडव रोड सोडपुर तिराहे पर लगभग 20 लाख रुपये का 1350 वर्ग फीट का व्यावसायिक भवन और अपनी पत्नी कविता ठाकुर के नाम से ग्राम सोडपुर में 8 लाख रुपये की कृषि भूमि तथा ग्राम मांडव में 42 लाख रुपये मूल्य की कृषि भूमि क्रय की है।

जेसीबी, कार और महंगे उपकरण मिले

आरोपी के पास से जेसीबी (जेसीबी) मशीन, महिंद्रा ट्रैक्टर, महिंद्रा टीयूवी कार, ऑल्टो कार, बुलेट मोटरसाइकिल और महंगे कृषि उपकरण भी मिले हैं, जिन पर लगभग 53 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। वहीं आरोपी के स्वामित्व वाले एक अन्य बेनामी मकान की जानकारी भी मिली है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही ठिकानों पर रखे ट्रैक्टर-ट्रॉली और कृषि संयंत्रों के स्वामित्व व कीमत का आकलन जारी है। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के खिलाफ धारा 13 (1) बी, 13(2) भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई डीएसपी आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और सचिन पटेरिया के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों द्वारा की जा रही है, जहां लोकायुक्त अधिकारी मौके पर दस्तावेज और अन्य संपत्तियों का ब्योरा खंगाल रहे हैं।





स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा, सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587।

RNI NO. MPHIN/2005/15582
cityblastindore@gmail.com